Title Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक- 106 सागवाड़ा, बुधवार, 15 दिसम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## पाषाण निर्मित कलात्मक द्वार की स्थापना के लिए चौखट पूजन हुआ

**सागवाड़ा।** स्थानीय श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन गांधियों का मन्दिर में मन्दिर के मूल गर्भ गृह में पाषाण निर्मित कलात्मक द्वार की स्थापना के लिए चौखट पूजन बुधवार को प्रतिष्ठाचार्य पंडित विनोद पगारिया विरल के तत्वावधान में हुआ। सकल दिगम्बर जैन समाज सागवाडा के तत्वावधान मे आयोजित इस कार्यक्रम के तहत बुधवार को सुबह मूलनायक आदिनाथ भगवान का महाभिषेक एवं शान्तिधारा की गई। अठारह हजार दशा हूमड समाज के अध्यक्ष दिनेश खोड़ानिया, सेठ महेश नोगमिया, ट्रस्टी एवं पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया, केसरीमल शाह ,पवन गोवाडिया,विमल पंचोरी, दिनेश शाह, बदामी लाल,संतोष खोडनिया, नरेन्द्र सेठ, ट्रस्टी गजेन्द्र गोवाडिया, महेन्द्र शाह, बुद्धि प्रकाश शाह ने नव देवता व विनायक पूजा कर भूमि शुद्धि कर चौखठ स्थापित की गई ।

वही मन्दिर के पृष्ठ भाग में स्थित नेमिनाथ भगवान, मुनिसुव्रतनाथ भगवान जिनालय के जीर्णोद्वार के लिए भूरी देवी रतनलाल खोडनिया परिवार द्वारा भूमि शुद्धि, भूमि पूजन क्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया गया।

# झाड़ू निकाल रही बुजुर्ग महिला को पिकअप ने रौंदा

### हादसे के बाद ड्राइवर उसे हॉस्पिटल ले जाने की बजाए, दुकान के दरवाजे तक सरका कर पिकअप लेकर भाग निकला

**डूंगरपुर।** घर-दुकान के बाहर रोड पर बुधवार सुबह झाड़ू निकाल रही बुजुर्ग महिला को पिकअप ने रौंद दिया। हादसे के बाद ड्राइवर उसे हॉस्पिटल ले जाने की बजाए, दुकान के दरवाजे तक सरका कर पिकअप लेकर भाग निकला। लोगों ने लहूलुहान हालत में उसे हॉस्पिटल पहुंचाया तो डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने पिकअप ड्राइवर को पकड़ने की मांग को लेकर हंगामा भी किया। सदर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है। हेड कांस्टेबल गोविंदलाल ने बताया कि हादसे में गामड़ी देवल निवासी चंपा उर्फ थावरी (60) की मौत हो गई। पति वीरजी पटेल घर के बाहर स्थित दुकान पर सब्जी का कारोबार करता था। सुबह करीब 8 बजे चंपा घर और दुकान के बाहर रोड पर झाड़ू निकाल रही थी। इसी दौरान पोल्ट्री फार्म की तेज रफ्तार पिकअप ने चंपा को टक्कर मार दी। लहूलुहान हालत में रोड पर गिरने पर ड्राइवर पिकअप से उतरकर नीचे उतरा। हॉस्पिटल ले जाने की बजाय बुजुर्ग महिला चंपा को धक्का देकर सरका कर दुकान के गेट के सामने धकेल दिया। ग्रामीण चिल्लाते हुए उसकी ओर दौड़े तो वह पिकअप लेकर फरार हो गया।

#### हॉस्पिटल लेकर पहुंचे ग्रामीण, ड्राइवर को पकड़ने की मांग

हंगामा मचने पर लोग इकट्ठा हो गए। परिवार के लोगों ने ग्रामीणों की मदद से गंभीर हालत में हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना पर हेड कांस्टेबल गोविंदलाल हॉस्पिटल पंहुचे। शव को मोर्चरी में रखवाया। घटना को लेकर गांव के लोगों ने जमकर आक्रोश जताया। पिकअप ड्राइवर को गिरफ्तार करने की मांग रखी। वहीं, बेटी जसु पटेल मां को मृत देखकर फूट-फूटकर रोने लगी। पुलिस ने समझाइश कर पति वीरजी पटेल की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया है

## नरणिया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**दोवड़ा।** पंचायत समिति के गांव पंचायत नरणिया मे स्वर्गीय प्रेम शंकर पाटीदार एवं स्वर्गीय सोनल कलाल की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व सांसद एवं सी डब्ल्यू सी सदस्य रघुवीर मीणा, डूंगरपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश खोड़निया, पूर्व उप जिला प्रमुख प्रेमकुमार पाटीदार,पुर्व विधायक पूॅजीलाल परमार के सानिध्य में हुआ क्रिकेट का शुभारंभ कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने बोल फेंक कर एवं पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने बैट से बॉल पर शॉट मार कर क्रिकेट का शुभारंभ किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 44 क्रिकेट टीमें भाग ले रही है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार,उप जिला प्रमुख सुरता परमार,ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र कुमार पाटीदार, पुर्व प्रधान आशा देवी अहारी,जिला संगठन महासचिव रतनलाल पाटीदार, जिला महामन्त्री नारायण पंड्या, मनोज पाटीदार, सुरमाल परमार , सुखदेव यादव ,गौरव यादव, गजेंद्र कलाल ,दयाशंकर मीणा,प्रवीण गमेती,देवीलाल अहारी ,सरपंच मुकेश परमार, पुर्व संरपच जीवनलाल परमार, वार्ड पंच गिरीश परमार, लक्ष्मी परमार पुर्व उप संरपच लालशंकर, समाजसेवी चन्दु भाई,जीवनलाल परमार, मोहनसिह चारण, प्रवीण प्रजापत, रोहीत कलाल,प्रकाश कलाल, विकास कलाल,सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन रमेश जोशी आभार महेंद्र पाटीदार ने व्यक्त किए ।

## राजस्थान में बूस्टर डोज के लिए

**जयपुर।** पूरी दुनिया में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का डर फैला हुआ है। भारत में भी इस वैरिएंट से संक्रमित मरीजों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। राजस्थान में अब तक इस वैरिएंट से संक्रमित 17 मरीज मिल चुके हैं। कई संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। कोरोना के इस नए वैरिएंट के खतरे के बीच अब हेल्थ केयर वर्कर, फ्रंट लाइन वर्कर में वैक्सीन की बूस्टर डोज लगाने की मांग उठने लगी है। ऐसे में इन ग्रुप को बूस्टर डोज दिया जाए या नहीं इसके आंकलन के लिए राज्य सरकार ने एक सीरो सर्वे करवाना शुरू कर दिया है।

इसमें पूरे प्रदेश के 17 हजार से ज्यादा लोगों में एंटीबॉडी की जांच की जाएगी। जयपुर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और मुख्यमंत्री कोविड कंट्रोल कमेटी के सदस्य डॉ. सुधीर भंडारी ने बताया कि ये सर्वे प्रदेश के 14 जिलों में करवाया जा रहा है। ज्यादातर जिलों से हमारे पास ब्लड सैंपल आ गए हैं और जल्द ही इनकी टेस्टिंग करना शुरू कर देंगे। उन्होंने बताया कि इस पूरे सर्वे की रिपोर्ट आने में एक महीने तक का समय लग सकता है। ये सीरो सर्वे सभी संभागीय मुख्यालय जिलों के अलावा अन्य 7 जिलों में करवाया जा रहा है। जयपुर एसएमएस मेडिकल कॉलेज की माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट की एचओडी और सीनियर प्रोफेसर डॉ. भारती मल्होत्रा की मानें तो यह सर्वे 17 हजार लोगों में करवाया जाएगा। इस सर्वे में डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, हॉस्पिटल में काम करने वाले तमाम स्टाफ के अलावा सामान्य व्यक्तियों को शामिल किया है। इस सर्वे में ये पता चलेगा की इन लोगों में इम्युनिटी लेवल कितना है।

# फर्जीवाड़े में पूर्व सरपंच को 5 साल की जेल

### मार्कशीट में कांटछांट और 2 संतान बताकर जीता था चुनाव, 22 हजार का जुर्माना भी लगाया

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर कोर्ट ने 6 साल पहले बहुचर्चित नवलश्याम सरपंच चुनावों में 9वीं क्लास की फर्जी मार्कशीट और 4 की जगह 2 संतान बताकर चुनाव जीतने वाले पूर्व सरपंच को बुधवार को 5 साल की कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पूर्व सरपंच पर 22 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) डूंगरपुर ने मामले में सुनवाई पूरी करते हुए बुधवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी पूर्व सरपंच विरमा उर्फ वीरमल निवासी नवलश्याम को जाली दस्तावेजों से सरपंच का चुनाव लड़ने का दोषी मानते हुए 5 साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। नवल श्याम निवासी गौरीशंकर ने 31 मार्च 2015 को एसीजेएम कोर्ट में इस्तगासा पेश किया था। इस पर बिछीवाड़ा थाने में केस दर्ज हुआ था।

गौरीशंकर ने बताया था कि 18 जनवरी 2015 को ग्राम पंचायत नवलश्याम में सरपंच पद के चुनाव थे। इसमें वह और आरोपी विरमा उर्फ वीरमल प्रत्याशी थे। चुनाव में 5वीं पास की योग्यता के साथ 27 नवंबर 1995 के बाद तीसरी संतान नहीं होने का नियम था। विरमा 5वीं कक्षा पास नहीं है और संतान संबंधी जानकारी भी गलत दी गई हैं। विरमा ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय की 9वीं कक्षा की मार्कशीट नामांकन के समय पेश की है, जिसमें स्कूल का नाम नहीं है। मार्कशीट में कांट-छाटकर फर्जीवाड़ा किया गया है। गौरीशंकर ने यह भी बताया था कि चुनाव नामांकन ने विरमा उर्फ वीरमल ने हंसा व पंकज अपनी 2 संतान बताई है, जबकि राकेश ओर अरविंद भी उसकी 2 और संताने है।

विरमा की कुल 4 संताने है। विरमा उर्फ वीरमल ने गलत दस्तावेज ओर जानकारी देकर सरपंच का चुनाव लड़ा और सरपंच का चुनाव जीत लिया था। इस बहुचर्चित मामले में 6 साल बाद फैसला आया है। इसके बाद पिछले साल पंचायती राज के चुनावों में ग्राम पंचायत नवल श्याम से गौरीशंकर सरपंच का चुनाव जीते है।

## मुख्यमंत्री से पैरालिम्पिक खिलाड़ी कृष्णा नागर की मुलाकात



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर पैरालिम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी कृष्णा नागर ने मुलाकात की। गहलोत ने नागर को स्वर्ण पदक जीतने एवं खेल रत्न पुरस्कार के लिए बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व महाधिवक्ता जीएस बापना, नागर के कोच यादवेन्द्र सिंह एवं जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज दासोत भी उपस्थित थे।

## गहलोत सरकार-अडानी मिलकर 1500 मेगावाट सोलर पार्क लगाएंगे



**जयपुर।** राजस्थान में 1500 मेगावाट बिजली प्रोडक्शन के लिए सोलर पार्क लगाए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने सोलर पार्क के लिए अडाणी के साथ जॉइंट वेंचर की कम्पनी मैसर्स अडाणी रिन्यूएबल एनर्जी पार्क राजस्थान लिमिटेड बनाई है। जिसे जैसलमेर के भीमसर और माधोपुरा, सदरासर गांव में 1324.14 हैक्टेयर जमीन आवंटित करने की मंजूरी कैबिनेट ने दे दी है। जैसलमेर के ही बाटयाडू और नेडान गांव में 276.86 हैक्टेयर सरकारी जमीन भी सशर्त कीमत पर आवंटित करने की मंजूरी दी गई है। इसके अलावा करीब 30 मेगावाट विंड सोलर हाइब्रिड पावर प्रोजेक्ट लगाने के लिए केरालियां गांव में 64.38 हैक्टेयर सरकारी जमीन को लीज पर अलॉट करने की मंजूरी भी दी है। इससे सोलर एनर्जी प्रोडक्शन कैपिसिटी बढ़ेगी। साथ ही रोजगार भी बढ़ेंगे। प्रदेश सरकार ने फैसला लिया है कि चरागाह जमीन पर बसी घनी आबादी इलाके के लोगों को रेगुलाइज कर पट्टे दिए जाएंगे। गरीब परिवारों को इससे पट्टे मिल सकेंगे। जिसके लिए नीति का प्रपोजल अप्रूव किया गया है। चारागाह जमीन का क्लासीफिकेशन चेंज जनता के हित में दूसरी सरकारी जमीन उपलब्ध होने पर किया जाएगा। नीति के तहत चारागाह जमीन पर कम से कम 30 साल से घर बनाकर रह रहे परिवारों में से प्रति परिवार अधिकतम 100 वर्गमीटर का पट्टा दिया जाएगा। इनकम टैक्स चुकाने वालों को इसका फायदा नहीं दिया जाएगा। बैठक में प्रदेश में इथेनॉल प्रोडक्शन यूनिट्स लगाने को मोटिवेट करने के लिए राजस्थान इथेनॉल प्रोडक्शन प्रमोशन पॉलिसी-2021 को मंजूरी दी गई है।


## संविदा नियुक्ति के नियम बनाने का मार्ग प्रशस्त, अब चारागाह भूमि पर मिलेंगे आवासीय पट्टे

### मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमंडल की बैठक

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में संविदा नियुक्ति के लिए नियम बनाने, चरागाह भूमि पर बसी सघन आबादी के नियमितिकरण के लिए नीति के प्रारूप के अनुमोदन सहित कई अन्य महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय किए गए। मंत्रिमंडल ने राज्य और केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों की क्रियान्विति के उद्देश्य से एक निश्चित अवधि के लिए रखे जाने वाले कार्मिकों की संविदा नियुक्ति के लिए राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल अपॉइंटमेंट टू सिविल पोस्ट्स रूल्स-2021 बनाए जाने का अनुमोदन किया है। केबिनेट के इस निर्णय से मैनपावर की आवश्यकता की पूर्ति के लिए ऐसे कार्मिकों को संविदा पर नियुक्त करने के नियम बनाये जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। केबिनेट ने चारागाह भूमि पर बसी सघन आबादी के नियमितिकरण के लिए प्रस्तावित नीति के प्रारूप का अनुमोदन किया है। चारागाह भूमि का वर्गीकरण परिवर्तन व्यापक जनहित में ही अन्य राजकीय भूमि की अनुपलब्धता होने पर किया जाएगा।

नीति के तहत चारागाह भूमि पर कम से कम 30 वर्ष से घर बनाकर रह रहे परिवारों में से प्रति परिवार अधिकतम 100 वर्गमीटर का पट्टा दिया जाएगा। आयकरदाता व्यक्ति को इसका लाभ नहीं दिया जाएगा। इस नीति से चारागाह भूमि पर बसे निर्धन परिवारों को पट्टा मिल सकेगा।

## राजस्थान में आज कोरोना से एक और मौत



**जयपुर।** राजस्थान में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 20 नए केस मिले हैं। वहीं एक 47 साल के व्यक्ति की मौत इस बीमारी से हो गई। सबसे ज्यादा 4 केस आज उदयपुर में मिले। वहीं, जोधपुर, बीकानेर, अजमेर समेत कुल 8 जिलों में मरीज मिले हैं। कोरोना से आज 29 मरीज रिकवर हुए हैं। अब एक्टिव केसों की संख्या घटकर 260 हो गई। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट देखें तो आज बाड़मेर के सिवाना निवासी एक व्यक्ति की कोरोना से मौत हो गई। कोरोना से दिसंबर के महीने में यह चौथी मौत हुई है। सीएमएचओ बाड़मेर बी.एल. विश्नोई ने बताया कि मृतक व्यक्ति जोधपुर में मजदूरी करता था। लम्बे समय से वहीं रहता था। पिछले कुछ दिन पहले वह बीमार हुआ और उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी।

इसके बाद उसे एम्स जोधपुर में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। राजस्थान में स्थिति देखें तो आज दिन तक प्रदेश में कुल 9 लाख 55,147 लोग कोरोना की चपेट में आ चुके हैं।

## तीसरी वर्षगांठ पर 14 हजार करोड़ के काम कराएगी सरकार



**जयपुर।** राजस्थान की गहलोत सरकार अपने 3 साल पूरे होने पर आम जनता को करीब 14 हजार करोड़ रुपए की लागत के 3700 विकास कार्यों की सौगात देने जा रही है। 18 और 19 दिसम्बर को प्रोग्राम होंगे। राज्य मंत्रिपरिषद की बुधवार शाम को हुई बैठक में सरकार ने फैसला लिया है सादगी से वर्षगांठ के प्रोग्राम किए जाएंगे। मुख्यमंत्री गहलोत इस मौके पर कई विभागों से सम्बन्धित योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरूआत करेंगे। सरकार की तीन साल की वर्षगांठ के इन कार्यक्रमों में मंत्रिपरिषद के सदस्य, सांसद, विधायक, पंचायतीराज और नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और आम जनता भी जुड़ सकेगी। कार्यक्रमों का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लाइव कास्ट होगा। गहलोत 18 दिसम्बर को सुबह 11 बजे जवाहर कला केन्द्र में राज्य सरकार की 3 साल की उपलब्धियों पर आधारित 4 दिन चलने वाली ऐग्जीबिशन 'आपका विश्वास-हमारा प्रयास' का उद्घाटन करेंगे। दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री निवास पर मुख्य समारोह में बिजली, जल संसाधन,पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी, यूडीएच, वन, कृषि, सहकारिता, डेयरी और इंडस्ट्री सम्बन्धित विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें करीब 8 हजार 500 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास और करीब 3 हजार 800 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री 19 दिसम्बर को 500 से ज्यादा पुलिस थानों के स्वागत कक्ष, 12 नए पुलिस थाना भवन सहित गृह विभाग संबंधी लोकार्पण करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना, आईएम शक्ति उड़ान योजना, जागृति बैक टू वर्क योजना, करीब 200 महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूल का भी शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा गहलोत महिला व बाल विकास, मेडिकल एंड हेल्थ, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अल्पसंख्यक कल्याण, टीएडी, स्कूल शिक्षा, हायर एजुकेशन, टेक्नीकल एजुकेशन,स्किल और रोजगार, आपदा प्रबंधन, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, ग्रामीण विकास और प्लानिंग डिपार्टमेंट की योजनाओं,प्रोग्राम और विकास कार्यों का शुभारम्भ, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें करीब 800 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और करीब 800 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण होगा। इस दौरान राज्य सरकार की उपलब्धियों पर शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएंगी।

### पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक परिषद के शाषी निकाय और कार्यकारी निकाय की बैठक

# समाज के सभी वर्गों को जोड़कर पारम्परिक कलाओं का संरक्षण करें -राज्यपाल



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र समाज के सभी वर्गों को अपने कार्यक्रमों के माध्यम से पारम्परिक कलाओं से जोड़ने का कार्य करे। उन्होंने जनजातीय कलाओं, विलुप्त होती कलाओं, वाद्यों, शैलियों के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जाने पर बल दिया है।

राज्यपाल बुधवार को यहां राजभवन में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के अध्यक्ष के तौर पर परिषद के शाषी निकाय और कार्यकारी निकाय की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय कलाओं और नामचीन कलाकारों के अनुभवों एवं योगदान के बारे में प्रलेखन को प्रोत्साहन देने के लिए केन्द्र को लेखक फैलोशिप योजना और कलाकार-लेखक यात्रा जैसे आयोजन शुरू करने चाहिए।

मिश्र ने केन्द्र को अपने आयोजनों के व्यापक प्रचार-प्रसार और उसकी ब्रान्ड्रिंग के लिए इलेक्ट्रॉकनिक और प्रिन्ट मीडिया के साथ सहभागिता करने और सोशल मीडिया का अधिकाधिक प्रयोग कलाओं के प्रोत्साहन के लिए करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए भी कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नई कला प्रतिभाओं तथा उनकी कला को प्रोत्साहन देकर कलाकारों की नई खेप तैयार करने की दिशा में भी केन्द्र को पहल करनी चाहिए। राज्यपाल ने कोविड-19 के दौर में भी पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र लोक कलाओं और संस्कृति के प्रोत्साहन के लिए द्वारा वर्चुअल माध्यम से बड़ी संख्या में कार्यक्रम आयोजित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय के सहयोग से बेणेश्वर धाम के संत मावजी द्वारा रचित ग्रंथ का फोटो डॉक्यूमेंटेशन किए जाने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। केन्द्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने केन्द्र के कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत करने के साथ केन्द्र की वार्षिक योजना व कार्यक्रमों का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में निदेशक द्वारा केन्द्र का वर्ष 2020-21 का अंकेक्षित लेखा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर एजेंडा बिन्दुओं के अनुसार प्रकरणों पर भी विचार विमर्श किया गया।

बैठक में गोवा के कला एवं संस्कृति मंत्री गोविन्द गौड़े, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव अमिता प्रसाद साराभाई, राजस्थान की कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव सौरभ विजय, दादरा-नगर हवेली एवं दमन-दिउ की कला एवं संस्कृति विभाग की शासन सचिव सुपूजा जैन, राज्यपाल के सचिव सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्दराम जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी वर्चुअल उपस्थित रहे। इनके अलावा सदस्य राज्यों राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा एवं केन्द्र शासित प्रदेश दादरा-नगर हवेली एवं दमन-दिउ से शाषी निकाय और कार्यकारी निकाय के सदस्यगण भी ऑनलाइन रूप से बैठक में सम्मिलित हुए।